BAL BHARATI PUBLIC SCHOOL, PITAMPURA, DELHI – 110034

विषय – हिंदी

कक्षा– छठी

निर्देश :-

१) इस पाठ को दो भागों में **बाँटा** गया है

२) पहले भाग में वर्ण- विच्छेद के विषय में बताया गया है । वर्ण- विच्छेद की परिभाषा व अभ्यास कार्य कॉपी में करें।

३) भाग- 2 में वाक्यांश के लिए एक शब्द, मुहावरे तथा चित्र वर्णन का अभ्यास कार्य कॉपी में करने के लिए दिया गया है।

भाग- 1

वर्ण - विच्छेद

(विषय को समझने के लिए दिया गया लिंक देखें)

https://www.youtube.com/watch?v=5nE4W4RBYr8

प्यारे बच्चों ,

लिंक से आपने जाना कि-

वर्ण-विच्छेद की परिभाषा :-

वर्ण-विच्छेद यानी वर्णों को अलग-अलग करना। किसी शब्द (वर्णों के सार्थक समूह) को अलग-अलग लिखने की प्रक्रिया को वर्ण-विच्छेद कहते हैं।

शब्द में आई ध्वनियों से स्वर और व्यंजन को अलग -अलग करना ही वर्ण विच्छेद है |

वर्ण विच्छेद के कुछ उदाहरण निम्नलिखित है -

कृष्ण = क् + ऋ + ष् + ण् + अ

विद्यालय = व् + इ + द् + य् + आ + ल् + अ + य् + अ

उन्नति = उ + न् + न् +अ + त् + इ

सर्दी = स्+ अ +र् + द् + ई

संयुक्ताक्षरों का विग्रह

क्ष = क् + ष् + अ

त्र = त् + र् + अ

ज्ञ = ज् + ञ् + अ

श्र = श् + र् +अ

चित्र= च् + इ + त् + र् + अ

श्रोता= श् + र् + ओ+ त् +आ

क्षत्रिय = क् + ष् +अ +त् +र् + इ + य् + अ
विज्ञान = व् +इ + ज् + ञ् + आ
+ न् + अ
'र' हिन्दी का विशेष वर्ण है। इसके लेखन में सर्वाधिक विविधता है।

- 'र' पर 'उ' या 'ऊ' की मात्रा इस प्रकार लगती है –

  र् + उ = रु   र् + ऊ = रू

  उदाहरण- रुपए, रूप

- यदि 'र' के बाद कोई व्यंजन हो तो 'र' अगले स्वर युक्त व्यंजन पर स्थित हो जाता है।

उदाहरण –

निर् + मल = निर्मल   पुनर + रचना = पुनर्रचना   निर् + भय = निर्भय

शिरोरेखा पर जाते समय 'र' (रेफ़) मात्रा का रूप धारण कर लेता है।

- यदि 'र' (स्वर सहित र) किसी व्यंजन की बाद आता है तो उसके रूप भिन्न हो जाते हैं।

पाई वाले व्यंजनों के साथ 'र' का रूप निम्न प्रकार से आता है –

त् + र = त्र   क् + र = क्र   श + र = श्र
प् + र = प्र

उदाहरण – पत्र, क्रम, ग्रह, प्रकार, भद्रता, संक्रमण, श्रवण, नम्रता आदि।

- बिना पाई वाले व्यंजन के बाद आने पर 'र' इस प्रकार रूप धारण करता है –

  ट् + र = ट्र   ड् + र = ड्र

  उदाहरण- ट्रक, ट्राम, ड्रम

वर्ण विच्छेद करते समय सभी व्यंजन वर्णों में हलंत का निशान लगाते हैं।
स्वरों पर हलंत नहीं लगाते हैं ।

अभ्यास –

प्रश्न १) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण- विच्छेद करें :-

- रिपु ....
- महत्व ....
- परीक्षा ....
- ऋषि ....
- हिंदी ....
- वर्तनी ....
- अभ्यास ....
- विद्यालय ....

प्रश्न २) निम्नलिखित वर्णों को जोड़कर शब्द बनाएँ :-

- द् + ई + र् + घ् + अ
- उ + ष् + ट् + र् + अ
- र् + इ + प् + उ
- म् + अ + ह् + अ + त् + त् + व् + अ
- प् + अ + र् + ई + क् + ष् + आ
- ऋ + ष् + इ
- ह् + इ + न् + द् + ई
- व् + अ + र् + त् + अ + न् + ई
- अ + भ् + य् + आ + स् + अ
- व् + इ + द् + य् + आ + ल् + अ + य् + अ
- स् + अ + न् + य् + उ + क् + त् + अ

(पाठ को दोहराने के लिए ऊपर दिए गए लिंक को दोबारा देखें)

भाग- 2

नीचे दिया गया कार्य निर्देशानुसार कॉपी में कीजिए।

1. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द 1-10 तक ।
2. मुहावरे 1-10 तक ।

3.दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर उसके विषय में 5-6 पंक्तियाँ लिखिए।

प्रश्न १)

1.	जिसका जन्म न हुआ हो	अजन्मा
2.	जिसका कोई शत्रु न हो	अजातशत्रु
3.	जो दिखाई न दे	अदृश्य
4.	जिसका अंत न हो	अनंत
5.	जिसकी उपमा न हो	अनुपम/अनुपमेय
6.	जिसे पढ़ा न हो	अपठित
7.	जिसका भाग्य अच्छा न हो	अभागा
8.	कम भोजन करने वाला	अल्पाहारी
9.	जिसका वर्णन न किया जा सके	अवर्णनीय
10.	दूसरे देश से मँगाया हुआ	आयातित

प्रश्न २)

	मुहावरा	अर्थ	वाक्य
1.	अंग-अंग मुसकराना	बहुत प्रसन्न होना	दसवीं कक्षा में प्रथम आने का समाचार सुनकर मेरी माताजी का अंग-अंग मुसकरा उठा।
2.	अँगूठा दिखाना	साफ़ इंकार करना	हमें पूरा विश्वास था कि सेठ जी भूकंप पीड़ितों के लिए अधिक धन देंगे लेकिन उन्होंने तो सहायता के नाम पर अँगूठा दिखा दिया।
3.	अंधे की लकड़ी	एकमात्र सहारा	सेठजी के मरने के बाद अब वह नन्हा बालक ही सेठानी के लिए अंधे की लकड़ी है।
4.	अगर-मगर करना	टाल-मटोल करना	सुरेश तुम्हारी कभी सहायता नहीं करेगा, वह तो हमेशा अगर-मगर करता रहता है।
5.	अड़ंगा डालना	रुकावट डालना	वर्तमान समय में प्रत्येक मनुष्य इतना स्वार्थी हो गया है कि वह दूसरों की प्रगति में अड़ंगा डालने से नहीं चूकता।
6.	अक्ल ठिकाने आना	बात ठीक-ठीक समझ में आना	पुलिस की मार पड़ते ही चोर की अक्ल ठिकाने आ गई।
7.	आँखें खुलना	होश आना	जब तक राम जुए में सब कुछ हार नहीं गया तब तक उसकी आँखें नहीं खली।

8. आँखें बंद कर लेना	मर जाना	उसकी आँखें बंद होते ही उसका सारा परिवार दुख में डूब गया।
9. आँखों के आगे अँधेरा छाना	संसार सूना दिखाई देना	पति की मृत्यु का समाचार सुनते ही पत्नी की आँखों के आगे अँधेरा छा गया।
10. आँखों में खून उतर आना	अत्यधिक क्रोधित होना	जब रमेश ने सोनू की बहन की ओर बुरी निगाह से देखा, तो उसकी आँखों में खून उतर आया।

प्रश्न ३)

(कॉपी की जाँच स्कूल खुलने के बाद की जाएगी)